# मगध विश्वविद्यालय, बोधगया
# Magadh University, Bodhgaya

## नामांकन संबंधी सूचना

सेवा में,

सभी प्राचार्य,
सभी अंगीभूत/अल्पसंख्यक/सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालय
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया

विषयः—सत्र 2023—27 में $6^{th}$ Semester के उत्तीर्ण छात्र—छात्राओं के $7^{th}$ Semester में नामांकन के संबंध में दिशा निर्देश।

महाशय/महाशया,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कार्यालय पत्रांक D.S.W/67/26, दिनांक:11.06.2026 द्वारा जारी अधिसूचना में आंशिक संशोधन करते हुये NEP-2020 के आलोक में स्नातक सत्र 2023-27 (CBCS पाठ्यक्रम) के लिए पुनः राज्यपाल सचिवालय लोकभवन, पटना पत्रांक BSU(UGC)-02/2023(Part)-1107/GS(I), दिनांक 05.06.2026 द्वारा जारी Ordinance & Regulation में $6^{th}$ Semester के उत्तीर्ण छात्र—छात्राओं के $7^{th}$ Semester में नामांकन के संबंध में दिशा निर्देश जारी किया गया है किः—

1- $6^{th}$ Semester में उत्तीर्ण छात्र/छात्राएं जिनका CGPA 7.5 या उससे (I to VI Semester तक) अधिक है वे अंतिम $8^{th}$ Semester में Research (शोध) विषय चयन कर सकते है। उन्हें "Honours with Research" की उपाधि दी जाएगी।
2- वैसे छात्र जिन्हें CGPA 7.5 से कम है, वे अंतिम $8^{th}$ Semester में 4 Credit के लिए 3 Course का अध्ययन करते हुए स्नातक प्रतिष्ठा (Honours) की उपाधि प्राप्त करेंगे।
3- अगर कोई छात्र/छात्रा जिनका CGPA 7.5 (I to VI Semester) से अधिक रहने के बावजूद भी उपर्युक्त Research (शोध) विषय का चयन नहीं करते है, तो उन्हें भी स्नातक प्रतिष्ठा (Honours) की उपाधि दी जाएगी।
4- वैसे छात्र जो $7^{th}$ Semester में नामांकन नहीं लेना चाहते है, अर्थात स्नातक की पढाई समाप्त करना चाहते है, उन्हें महाविद्यालय के माध्यम से विश्वविद्यालय में आवेदन अग्रसारित करना होगा तत्पश्चात् विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क सम्बंधित छात्र छात्राओं द्वारा जमा करने के उपरान्त उन्हें डिग्री प्रदान की जाएगी।
5- स्नातक प्रतिष्ठा (Honours) उपाधि प्राप्त करने के लिए $5^{th}$ Sem. में Internship करना अनिवार्य होगा।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि जब तक $6^{th}$ Semester का परीक्षाफल जारी नही हो जाता है तब तक किसी भी छात्र/छात्राओं का $7^{th}$ Semester में नामांकन नहीं लिया जाएगा।

माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार
ह०/—
अध्यक्ष, छात्र कल्याण
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया

ज्ञापांक **DSW/72/2026** दिनांक:**24/06/2026**

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1. नोडल पदाधिकरी, विश्वविद्यालय के वेबसाईट पर प्रकाशन हेतु।
2. माननीय कुलपति/कुलसचिव के निजी सचिव/सहायक, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया।
3. संबंधित छात्र—छात्राएँ एवं जन सामान्य।
4. सभी संबंधित व्यक्ति।

24/6/26
परीक्षा नियंत्रक
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया
परीक्षा नियंत्रक
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया

24.6.26
अध्यक्ष, छात्र कल्याण
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया
Dean Students' Welfare
Magadh University
Bodhgaya-824234

Scanned with OKEN Scanner